तू है मेरा प्यार मोहन

तू है मेरा प्यार मोहन मैं हूँ तेरे दीवाना,
तुझको है मेरी कसम छोड़ के मत जाना,
तू है मेरा प्यार मोहन मैं हूँ तेरे दीवाना॥

तेरे प्यार का नज़राना दिल में बसा लिया है,
देखा जो मोहन अपना बना लिया है,
करना कबूल मेरे दिल का ये नज़राना,
तू है मेरा प्यार मोहन मैं हूँ तेरे दीवाना ॥

तेरा चाँद सा ये चेहरा मेरे ख्वाब से हंसी है,
है जबसे तुमको देखा मुझे होश नहीं है,
शमा जहाँ रोशन हो जलता है परवाना,
तू है मेरा प्यार मोहन मैं हूँ तेरे दीवाना॥

मेरी जान अपने दिल से मेरा दिल जुदा ना करना,
बदले वफ़ा जो तूने इसे तुम गवाह ना करना,
आँखें तेरी दीवानी मेरी आँखों को ना तरसाना,
तू है मेरा प्यार मोहन मैं हूँ तेरे दीवाना ॥

जो वृन्दावन में जाए पागल कहे ज़माना,
जब चौखट तेरी आऊं पर्दा नहीं गिराना,
माना तेरी सूरत को मैंने तो खुदा माना,
तू है मेरा प्यार मोहन मैं हूँ तेरे दीवाना॥

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25546/title/tu-hai-mera-pyar-mohan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |